झाँसी जागरण

24 कैरेट (प्रति 10 ग्राम) ₹ 51,700
22 कैरेट (प्रति 10 ग्राम) ₹ 49,640

झाँसी सर्राफा

जवराती चाँदी
प्रति किलो ₹ 65,000
प्रति 10 ग्राम ₹ 650

**जनपद के सभी थानों में एक साथ हुआ महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन**

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन



झाँसी : महिला हेल्प डेस्क पर महिला सिपाही से बात करते आइजी, उद्घाटन पर उपस्थित नारी शक्ति। » जागरण

# महिला सुनेगी महिला की पीड़ा

झाँसी : मिशन शक्ति के तहत जनपद के सभी थानों में महिलाओं की पीड़ा सुनने और कार्यवाही के लिए अलग से महिला हेल्प डेस्क बनाए गए हैं, जिसका आज सभी थानों में शुभारम्भ हुआ। पुलिस महानिरीक्षक सुभाष सिंह बघेल ने थाना नवाबाद में हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया।

इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने डेस्क की कार्यप्रणाली और उससे महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताते हुआ कहा कि अभी तक महिलाएं पुरुष पुलिस अधिकारी व सिपाहियों को अपनी पूरी बात बताने से हिचकती थीं, लेकिन हेल्प डेस्क पर सिर्फ महिला सिपाही और अधिकारी बैठेंगी, जो पीड़ित महिला की पूरी बात सुनेंगी और उस पर कार्यवाही कराएंगी। इससे महिलाओं को इन्साफ मिलेगा और उनमें सुरक्षा का भाव आएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. ने भी महिला हेल्प डेस्क और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों ने हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए वहाँ तैनात महिला सिपाही से नई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर नोडल अधिकारी/पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राहुल मिठास, पुलिस अधीक्षक (नगर) विवेक त्रिपाठी, सीओ सदर हिमांशु गौरव, नवाबाद प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, व्यापारी नेता सन्तोष साहू, चौधरी फिरोज, मेडिकल कॉलिज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह सेंगर, महिलाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन डॉ. नीति शास्त्री ने किया।

अपराधियों की कुण्डली में

कम लागत में

